कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस नोट संख्या– 37 दिनांक– 24 दिसंबर 2025

# प्रेस विज्ञप्ति

## एसआईआर के लिए उत्तराखण्ड में 167 नए एईआरओ की तैनात

– वर्तमान में 70 ईआरओ और 268 एईआरओ सम्पादित कर रहे निर्वाचन सम्बंधी कार्य

– 167 नए एईआरओ के बाद 435 अतरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कराएंगे एसआईआर सम्पन्न

देहरादून। उत्तराखण्ड में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की तैयारियों को लेकर कसरत तेज हो गई है। प्रदेश की 70 विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के मध्यनजर 167 अतरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) की नियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्तमान में प्रदेश में 70 विधानसभा क्षेत्रों में एसडीएम स्तर के 70 ईआरओ और तहसीलदार स्तर के 268 एईआरओ तैनात हैं। इसके अतरिक्त 167 नए एईआरओ की नियुक्ति के बाद प्रदेश में 435 एईआरओ एसआईआर और इसकी तैयारियों को सम्पादित करेंगे।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोग द्वारा नियुक्त 167 अतरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिर्फ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसमें मुख्य रुप से खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी,सहायक नगर आयुक्त,चकबन्दी अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर "बीएलओ आउटरीच अभियान" के तहत मतदाताओं से संपर्क,समन्वय और संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ईआरओ और एईआरओ इस अभियान में बीएलओ द्वारा किए जा रहे आउटरीच अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

जिलेवार तैनात नए एईआरओ

उत्तरकाशी– 11,चमोली– 20,रुद्रप्रयाग–08,टिहरी गढ़वाल– 12,देहरादून– 13,हरिद्वार–19,पौड़ी गढ़वाल– 20, पिथौरागढ़– 14, बोगश्वर– 03, अल्मोड़ा– 12, चम्पावत– 06, नैनीताल– 11, ऊधमसिंह नगर– 18

********

0135-271365 election09@gmail.com uttarakhand_ceo www.ceo.uk.gov.in